**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 394**
**(22 जुलाई, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

# सीमावर्ती सड़कों का चौड़ीकरण

**394. श्री सुखजिंदर सिंह रंधावा:**

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पंजाब के गुरदासपुर और पठानकोट के सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत निर्मित सड़कों की चौड़ाई बहुत कम है, जिससे दो वाहनों के आवागमन में कठिनाई होती है और यह समस्या ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देखी गई थी;
(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कों को चौड़ा करने का प्रस्ताव है; और
(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(श्री कमलेश पासवान)**

(क): पीएमजीएसवाई दिशानिर्देशों और आईआरसी विनिर्देशों के अनुसार, पीएमजीएसवाई सड़कों की कैरिजवे चौड़ाई का निर्माण सड़कों पर चलने वाली पैसेंजर कार यूनिट (पीसीयू) के संदर्भ में अनुमानित यातायात के आधार पर किया जाता है। सड़कों पर चलने वाले यातायात के आधार पर कैरिजवे की चौड़ाई 3.75 मीटर/ 5.5 मीटर हो सकती है। 500 से कम आबादी वाली बसावटें (जहां पात्र हों) की ओर जाने वाली सड़के, जहां अनुमानित यातायात बहुत कम होने की संभावना है, कैरिजवे की चौड़ाई को 3 मीटर तक किया जा सकता है। सिंगल लेन कैरिजवे अर्थात 3 मीटर/3.75 मीटर के लिए न्यूनतम आवश्यक सड़क चौड़ाई (संरचना चौड़ाई) मैदानी/ढलानी इलाकों में 7.5 मीटर से कम नहीं होनी चाहिए और पहाड़ी/खड़े इलाकों में 6 मीटर से कम नहीं होनी चाहिए।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित/उन्नत की गई सड़कों की कैरिजवे चौड़ाई का निर्धारण प्रस्तावित सड़कों पर व्यापक स्वचालित यातायात जनगणना आंकड़ो और यातायात भार सर्वेक्षण के आधार पर किया जाता है।

(ख) और (ग): पंजाब राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, गुरदासपुर और पठानकोट जिलों में निर्मित/उन्नत की गई अधिकांश सड़कों की चौड़ाई 3.05 मीटर से 3.75 मीटर और 5.5 मीटर के बीच है। राज्य से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर सड़कों को सामान्य यातायात के लिए डिज़ाइन किया गया है।

पीएमजीएसवाई के तहत वर्तमान में, गुरदासपुर और पठानकोट जिले के भीतर सीमा सड़कों के चौड़ीकरण के लिए कोई प्रस्ताव नहीं है। पीएमजीएसवाई III के तहत चल रहे कार्यों को पूरा करने की समय-सीमा मार्च, 2026 है ।

***